केंद्रीय पुस्तकालय । मैनिट भोपाल

कार्यक्रम रिपोर्ट - कार्यालय उत्पादकता बढ़ाना
30 मई 2025

केंद्रीय पुस्तकालय, मैनिट भोपाल द्वारा 30 मई 2025 को दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक **"कार्यालय उत्पादकता बढ़ाना"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मैनिट के विभिन्य संकायों के कुल 50 कर्मचारियों को नामित किया गया जिस में से 45 कर्मचारियों ने भाग लिया। इसका संचालन एवं प्रस्तुतीकरण पुस्तकालयाध्यक्ष **डॉ वेंकट राव पोकूरि** द्वारा किया गया। उत्पादकता का तात्पर्य समझाते हुए डॉ राव ने इसको क्रियान्वित करने के विभिन्न संसाधन बताये जिसमें बुद्धिमान योजना, केंद्रीय प्रयास, उत्पादकता बढाने की रणनीति, टू-डू लिस्ट का प्रयोग, समय प्रबंधन, 5S सिध्दांत, प्रेरणा, संचार के साधन आदि पर विस्तृत रूप से और रोचक तरीके से जानकारी देते हुए अपने अनुभव कर्मचारियों के साथ साझा किये।

यह प्रस्तुति प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक सिद्ध हुई। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ राव ने यह स्पष्ट किया की कार्यालय उत्पादकता में सुधार के लिए योजनाबद्ध कार्य, प्रेरणा, समय प्रबंधन और प्रभावी संचार अवश्यक है। इसके साथ ही कार्यालय में कार्य का तनाव कम करने के लिए भी कुछ उपयोगी उपाय दिए जिसमें हल्का व्यायाम, टी ब्रेक, स्वस्थ खाना आदि का भी सुझाव दिया। उन्होंने बताया की किस प्रकार से कार्यालय में काम के दौरान आने वाली कठनाईयों को किस प्रकार से सरल तरीके से सुलझाया जा सकता है और कार्य की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।

कार्यक्रम में आगे पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सभी प्रतिभागियों को अपने विचार रखने और अपने कार्य में आने वाली व्यक्तिगत परेशानियों एवं उनके सर्वोतम हल जानने के लिए सवाल जबाब का मौका भी दिया। जिस से सभी प्रतिभागियों को अपने अपने कार्यों की गुणवत्ता बढाने के लिए नयी सोच, द्रष्टि और उर्जा मिली।

कार्यक्रम के अंत में डॉ राव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने और अपना कीमती समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।




रूपरेखा
उत्पादकता
कार्यालय उत्पादकता में सुधार करना
प्रेरणा
सूचना


एक संचार रणनीति विकसित करना
उद्देश्य को स्पष्ट रूप से पहचानें
दर्शकों को पहचानें और समझें
एक उपयुक्त माध्यम का चयन करें

